**प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा विभागीय तटबंध, नहर, आवासीय भवन/परिसर, कार्यालय भवन/परिसर आदि पर अतिक्रमण के संबंध में समीक्षा बैठक दिनांक–15.01.2025 की कार्यवाही ।**

- बैठक में अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण/सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना तथा मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, पटना उपस्थित रहे। जल संसाधन विभाग के परिक्षेत्राधीन सभी मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं वाल्मी सहित) द्वारा v.c. के माध्यम से बैठक में भाग लिया गया।
- विभागीय पत्रांक–653 दिनांक–02.12.2024 एवं स्मार पत्रों द्वारा विभागीय तटबंध, नहर, आवासीय भवन/परिसर, कार्यालय भवन/परिसर आदि पर अतिक्रमण के संबंध में संलग्न प्रपत्र–1,2 एवं 3 में प्रतिवेदन की मांग की गयी थी। कुल–8 (आठ) मुख्य अभियंता एवं उप सचिव कमाण्ड क्षेत्र विकास निदेशालय, पटना द्वारा प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। बैठक में प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि प्राप्त प्रतिवेदन में से अधिकांश प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में नहीं है तथा इसमें दर्ज की गयी प्रविष्टि आधा–अधूरा है। प्रपत्र में अंकित निदेश का अनुपालन भी स्पष्ट रूप से नहीं किया गया है। जिस पर प्रधान सचिव महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

**समीक्षा बैठक में प्रधान सचिव द्वारा दिये गये निदेश निम्नवत है:–**

- अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता से प्राप्त प्रतिवेदन को मुख्य अभियंता स्तर पर विभागीय पत्रांक–653 दिनांक–02.12.2024 में संलग्न विहित प्रपत्र में समेकित प्रतिवेदन तैयार कर विभाग को एक पक्ष (15 दिनों) के भीतर उपलब्ध कराया जाय। इसकी सॉफ्ट कॉपी ई–मेल (jsewrdbihar@gmail.com) के माध्यम से उपलब्ध कराया जाय।

  **(अनुपालन–संबंधित मुख्य अभियंता, (यांत्रिक एवं वाल्मी सहित) जल संसाधन विभाग/उप सचिव, कमाण्ड क्षेत्र विकास निदेशालय, जल संसाधन विभाग, पटना)**
- मुख्य अभियंता/उप सचिव, कमाण्ड क्षेत्र विकास निदेशालय, पटना से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित जिले के जिला पदाधिकारी को अतिक्रमण हटाने हेतु विभाग के स्तर से अनुरोध किया जाय।

  **(अनुपालन–संयुक्त सचिव (अभियंत्रण), जल संसाधन विभाग, पटना)**
- आगामी बैठक दिनांक–30.01.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में रखी जाय।

ह0/–
(आलोक कुमार)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांकः–21/अतिक्रमण–13–22/2024– पटना/दिनांकः–

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण/सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांकः–21/अतिक्रमण–13–22/2024– पटना/दिनांकः–

प्रतिलिपिः– सभी मुख्य अभियंता, (यांत्रिक एवं वाल्मी सहित)/उप सचिव, कमाण्ड क्षेत्र विकास निदेशालय, जल संसाधन विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांकः–21/अतिक्रमण–13–22/2024– 33 पटना/दिनांकः– 16.01.2025

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, IT WRD, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं संबंधित को ई–मेल करने हेतु प्रेषित।

16/01/25

संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)